# प्लेसमेंट मिलने से खुश हुए शर्करा संस्थान के छात्र



प्लेसमेंट मिलने की खुशी में ग्रुप फोटो कराते एनएसआई के छात्र

फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में चालू सत्र में प्लेसमेंट कार्यक्रम का पहला चरण मंगलवार को पूर्ण हुआ। प्रथम चरण में चीनी मिलों, आसवनियों, मशीनरी निर्माता कंपनियों में संस्थान के विभिन्न पाठयक्रमों में अध्ययनरत कुल 94 छात्र प्लेसमेंट पाने में सफल रहे। प्लेसमेंट के प्रथम चरण की समाप्त पर प्लेसमेंट पाने वाले सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आये। सभी ने स्मृति स्वरूप संस्थान के निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन के साथ समूह फोटोग्राफी भी कराई।

**प्रथम चरण के प्लेसमेंट में कुल 94 विद्यार्थियों का हुआ चयन**

संस्थान सूत्रों ने दावा किया है कि पीजी डिप्लोमा पाठयक्रम के छात्रों को ₹ 3 से 6 लाख, प्रमाणपत्र पाठयक्रम के छात्रों को ₹ 1.80 लाख से 2.50 लाख तक सालाना का पैकेज हासिल हुआ है। नोएडा स्थित मशीनरी निर्माता कंपनी मे.इसजेक ने छात्रों को सर्वाधिक आकर्षक पैकेज दिया है। संस्थान में प्लेसमेंट अभियान का दूसरा चरण 21 अक्टूबर से आरंभ होगा। निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने संस्थान में प्लेसमेंट की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शर्करा उद्योग में छात्राओं को रोजगार देन किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन हमने इस मिथक को तोड़ा है। शर्करा तकनीकी (अंतिम वर्ष) की तीन छात्राओं-अंकिता गुप्ता, अंशू सिंह व सुमन मौर्या को प्लेसमेंट के प्रथम चरण में ही आकर्षक पैकेज प्राप्त हुआ है। संस्थान के प्लेसमेंट आफिसर आचार्य शर्करा अभियांत्रिकी प्रो.डी.स्वेन ने गुणवत्ता नियंत्रण व पर्यावरण विज्ञान पाठयक्रम के लिए भी रोजगार के अवसर बढे हैं।

# शुगर डिप्लोमा के छात्रों को 6 लाख का पैकेज

**खिले चेहरे**

**कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

शुगर डिप्लोमा के छात्रों को 6 लाख का पैकेज मिला है। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में पहले चरण के प्लेसमेंट ड्राइव में कई शुगर इंडस्ट्रियों ने हिस्सा लिया। संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रम के 94 छात्रों को पहले चरण में जॉब मिल गई है। 21 अक्तूबर को दूसरे चरण का प्लेसमेंट ड्राइव है।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में मंगलवार को पहले चरण का प्लेसमेंट पूरा हो गया। प्लेसमेंट को धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड, डीसीएम श्रीराम लि., उत्तम शुगर मिल्स लि., बलरामपुर शुगर मिल्स लि., ग्लोबल केनशुगर सर्विसेज प्रा. लि., डालमिया भारत शुगर मिल्स के प्रतिनिधियों ने विभिन्न डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया।

संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्रों को तीन से छह लाख, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के छात्रों को ढाई लाख का पैकेज मिला है। दूसरे चरण के प्लेसमेंट तक सभी छात्रों को जॉब मिलने की उम्मीद है।

# एनएसआई : पहले चरण में 94 छात्रों को मिली नौकरी

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) में प्लेसमेंट का पहला चरण पूरा हो गया। विभिन्न प्रदेशों की चीनी मिलों, आसवनियों, शर्करा एवं संबद्ध उद्योगों आदि के लिए 94 छात्रों का चयन किया गया है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्रों को तीन से छह लाख का पैकेज मिला है। प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के छात्रों को 1.80 लाख से ढाई लाख का पैकेज मिला है। प्लेसमेंट का दूसरा चरण 21 अक्तूबर से शुरू होगा। निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने कहा कि प्लेसमेंट संतोषजनक है। संस्थान की शर्करा तकनीक अंतिम वर्ष की तीन छात्राओं अंकिता गुप्ता, अंशु सिंह और सुमन मौर्या को आकर्षक पैकेज मिला है। संस्थान के प्लेसमेंट अफसर प्रोफेसर डी. स्वेन ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।